तापमान **नई दिल्ली**

अधिकतम-42.8 डि.से. सूर्योदय- 5:36

न्यूनतम- 25.0 डि.से. सूर्यास्त- 18:59

लक्ष्य और समय प्रबंधन से मिली सफलता : सिद्धार्थ

जनसत्ता संवाददाता
नोएडा, 6 मई।

सीबीएसई के 10वीं के परिणामों में 13 टॉपरों में सिद्धार्थ पेनगोरिया भी शामिल हैं। सेक्टर-93 निवासी सिद्धार्थ को 500 में से 499 (99.8 फीसद) अंक मिले हैं। उन्होंने गणित में 100, अंग्रेजी में 99, फ्रेंच में 100, सामाजिक विज्ञान में 100 और विज्ञान में 100 अंक हासिल किए। सिद्धार्थ सेक्टर-126 स्थित लोट्स वैली स्कूल का छात्र है। वह अपनी इस सफलता का श्रेय माता-पिता और शिक्षकों को देते हैं। वह आगे कानून की पढ़ाई पढ़ना चाहते है। सिद्धार्थ के पिता मनीश पेनगोरिया अकाउंटेंट हैं। माता श्वेता गृहिणी हैं लेकिन वह घर में गणित का ट्यूशन देती हैं। सिद्धार्थ ने अपनी मां से ही गणित की पढ़ाई की।

सिद्धार्थ स्कूल स्तर पर बनी वॉलीबॉल टीम के कप्तान है। पढ़ाई के साथ उसे वॉलीबॉल खेलना बहुत पसंद है। उनका कहना है कि समय प्रबंधन के साथ पढ़ाई करना बेहद जरूरी है।

Petronet LNG Limited

Regd. Office: World Trade Centre, Babar Road, Barakhamba Lane, New Delhi-110001
Phone: 011-23411411, Fax: 011-23472550, CIN: L74899DL1998PLC093073
Email: investors@petronetlng.com, Company's website: www.petronetlng.com

सूचना

सेबी (सूचीयन दायित्व तथा उद्घाटन अपेक्षा) विनियमन, 2015 के प्रावधानों के अनुपालन में एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि कम्पनी के निदेशक मंडल की बैठक बुधवार, 15 मई, 2019 को कम्पनी की पंजीकृत कार्यालयः वर्ल्ड ट्रेड सेन्टर, बाबर रोड, बाराखम्बा लेन, नई दिल्ली-110001 में आयोजित की जाएगी जिसमें 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के लिए कम्पनी के अंकेक्षित वित्तीय परिणामों पर विचार तथा अनुमोदन किए जाएंगे तथा कम्पनी की इक्विटी शेयरों पर वित्त वर्ष 2018-19 के लिए यदि कोई हो, अंतिम लाभांश की सिफारिश की जाएगी।

सेबी (इन्सायडर ट्रेडिंग निषेध) विनियमन, 2015, पीएलएल की प्रतिभूतियों में इन्सायडर ट्रेडिंग की रोकथाम के लिए आचार संहिता (पीएलएल की संहिता) के साथ ही साथ स्टॉक एक्सचैंजों द्वारा जारी सर्क्युलर तिथि 2 अप्रैल, 2019 के अनुपालन में पत्र तिथि 3 अप्रैल, 2019 के माध्यम से स्टॉक एक्सचैंजों को सूचित किया गया था कि पीएलएल की प्रतिभूतियों में कारोबार के लिए ट्रेडिंग विंडो पीएलएल की संहिता के अनुसार सभी 'इन्सायडर' के लिए गुरुवार, 4 अप्रैल, 2019 से 31 मार्च, 2019 को समाप्त तिमाही तथा वर्ष के वित्तीय परिणामों को एक्सचैंजों में दाखिल करने तथा सामान्य रूप से उसके उपलब्ध होने के 48 घंटे बाद तक बंद रहेगा।

उपरोक्त को देखते हुए पीएलएल की प्रतिभूतियों में कारोबार के लिए ट्रेडिंग विण्डो 4 अप्रैल, 2019 से 17 मई, 2019 (दोनों दिवस सहित) तक बंद रहेगा। ट्रेडिंग विण्डो शनिवार, 18 मई, 2019 को फिर से खुलेगा। तद्नुसार, सभी संबंधितों जिन पर उक्त संहिता लागू होता है) से आग्रह है कि ट्रेडिंग विण्डो बंद रहने की अवधि के दौरान पीएलएल की प्रतिभूतियों में व्यवसाय न करें।

यह जानकारी कम्पनी की वेबसाईट **www.petronetlng.com** तथा जहां कम्पनी के शेयर्स सूचीबद्ध हैं, की वेबसाईट अर्थात **www.nseindia.com** तथा **www.bseindia.com** पर भी उपलब्ध हैं।

पेट्रोनेट एलएनजी लिमिटेड के लिए
हस्ता./-
(राजन कपूर)
वाईस प्रेजीडेंट-कम्पनी सेक्रेटरी

स्थानः नई दिल्ली
तिथिः 7 मई, 2019